सहायता कैसे प्राप्त करें

हमें कॉल करें: **03 8622 0600**
या **1800 133 302**

ऑनलाइन पूछताछ फॉर्म भरें:
womenslegal.org.au/get-help

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो आप Translating and Interpreting Service (अनुवाद और दुभाषिया सेवा) को **131 450** पर कॉल कर सकती हैं और उनसे **1800 133 302** पर कॉल करने के लिए कह सकती हैं।

women's legal service victoria

PO Box 13311 Law Courts VIC 8010

फो 03 8622 0600 ई admin@womenslegal.org.au

Women's Legal Service Victoria (महिला कानूनी सेवा विक्टोरिया) Kulin राष्ट्र के Wurundjeri लोगों की पारंपरिक भूमि पर स्थित है। हम एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के भूमि, जल और समुदाय के साथ निरंतर संबंध को मान्यता देते हैं और उनके अतीत व वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। संप्रभुता का त्याग कभी भी नहीं किया गया था।

Women's Legal Service (महिला कानूनी सेवा) सुरक्षित और समावेशी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम फीडबैक का स्वागत करते हैं। अपने फीडबैक या शिकायत को साझा करने के लिए हमारी वेबसाइट देखें: womenslegal.org.au

women's legal service victoria

पारिवारिक हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा की खोज और कानूनी सलाह प्राप्त करने में सहायता

हमारे वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और आर्थिक सलाहकार यह सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करते हैं कि आपको अपनी आवश्यकतानुसार अपने और अपने बच्चों के लिए निर्णय लेने व स्वतंत्रता और आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए सब-कुछ मिलता है।

हम सहायता कैसे करते हैं

हमारी टीम यह सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करेगी कि आप सुरक्षित हैं, आप अपने कानूनी अधिकारों व विकल्पों को समझती हैं और आपको स्वतंत्रता प्राप्त करने का निर्णय लेने के लिए आवश्यक समर्थन मिलता है।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए आपकी सहायता कर सकते हैं कि:

- पुलिस आपके द्वारा अनुभव की गई पारिवारिक हिंसा को समझती है
- हस्तक्षेप आदेश आपको और आपके बच्चों को पारिवारिक हिंसा से सुरक्षित रखते हैं
- आपके बच्चों की देखभाल के लिए व्यवस्थाएँ सुरक्षित और व्यावहारिक हैं
- Child Protection (बाल संरक्षण) आपके द्वारा अनुभव की गई पारिवारिक हिंसा को समझता है
- आपके संबंध के समाप्त होने पर संपत्ति का यथोचित विभाजन किया जाता है
- ऑस्ट्रेलिया में आपकी वीज़ा स्थिति का यथोचित निर्धारण किया जाता है
- आपको पारिवारिक हिंसा के कारण हुए शारीरिक नुकसान और हानियों के लिए मुआवज़ा मिलता है
- पारिवारिक हिंसा के कारण कर्ज़ या बिल चुकाने की आपकी क्षमता पर प्रभाव पड़ने के बारे में लेनदार समझते हैं
- आपको Centerlink (सेंटरलिंक) से वे समर्थन मिल पाते हैं, जिनका आपको अधिकार है

हमारी सेवाएं स्वतंत्र और गोपनीय हैं।

हम किसे समर्थन देते हैं

हम उन महिलाओं के लिए समर्थन को प्राथमिकता देते हैं, जो/जिनके पास:

- कोई आय नहीं है या निम्न आय है
- सुरक्षित आवास नहीं है
- एबोरिनजल (आदिवासी) और/या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी हैं
- अंग्रेज़ी नहीं बोलती हैं या अंग्रेज़ी का प्रयोग द्वितीयक भाषा के रूप में करती हैं
- अस्थायी वीज़ा पर हैं या कोई वीज़ा नहीं है
- विकलांगता-ग्रस्त हैं
- विकलांगता-ग्रस्त बच्चों की देखभाल करती हैं

हम क्या करते हैं और आप सहायता कैसे प्राप्त कर सकती हैं, इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ। womenslegal.org.au